डॉ. एस.एस. सामंत, निदेशक
Dr. S.S. Samant, DSc, FNASc, FSE
Director

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
(*Indian Council of Forestry Research & Education*)
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body of the Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Government of India)

संख्या/No.:05 -1(26)/हि.व.अ.सं/2020 / 2016 - 2018 **दिनांक/ Date:** 18 **दिसबंर, 2020**

सेवा में,

सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार)
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
डाकघर -न्यु फॉरेस्ट, देहरदून
उत्तराखंड-248006

विषय: **दिनांक 10.12.2020 को संपन्न हुए राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बारे में ।**

महोदय,

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा दिनांक 10.12.2020 को एक दिवसीय राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री सत्य प्रकाश, निदेशक राजभाषा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली- मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित थे ।

इस प्रसंग में कृपया उपरोक्त कथित प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्य-रिपोर्ट/वृतांत आपके सूचनार्थ प्रस्तुत है।

ससादर ।

भवदीय
18/12/2020
डॉ.एस.एस.सामंत

संलग्न : उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि:

1. कुमार पाल शर्मा, उपनिदेशक कार्यान्वयन उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-01 दिल्ली, गृह मंत्रालय भारत सरकार, तृतीय तल, त्रिकूट-02 आर.के.पुरम. भीकाजी कामा पैलेस, नई दिल्ली-110066 को सूचनार्थ प्रस्तुत है ।
2. सुश्री मृदुला श्रीवास्तव, सचिव नराकास/उप महाप्रबंधक-राजभाषा, नराकास, शिमला कार्यालय-02 एसजेवीएन लिमिटेड, शक्ति सदन, कारपोरेट मुख्यालय, शनान, शिमला, हिमाचल प्रदेश-171006 को सूचनार्थ प्रस्तुत है ।

कोनिफ़र कैम्पस, पंथाघाटी, शिमला-171 013, हिमाचल प्रदेश
Conifer Campus, Panthaghati, SHIMLA-171 013, Himachal Pradesh
ई-मेल/ E-Mail: dir_hfri@icfre.org **वैबसाइट/ Website:** http://hfri.icfre.gov.in
दूरभाष/Phone: 0177-2626778, **FAX/ फ़ैक्स:** 0177-2626779, **ई.पी.ए.बी.एक्स./EPABX:** 0177-2816100

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, कोनिफर कैंपस, पंथाघाटी, शिमला-171013

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा दिनांक 10.12.2020 को आयोजित 'पूर्ण दिवसीय कार्यशाला का संक्षिप्त वृतांत

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक 10.12.2020 को एक पूर्ण दिवसीय कार्यशाला श्री सत्य प्रकाश, निदेशक राजभाषा, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित की गई । इस कार्यक्रम के आरंभ में सभापति महोदय द्वारा श्री सत्य प्रकाश जी का हिमाचली टोपी व मफ़लर पहनाकर स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम का अगला चरण डॉ एस.एस.सामंत, निदेशक के स्वागत संबोधन के साथ हुआ जिसमें उन्होंने संस्थान के (ऑनलाइन व ऑफलाइन जुड़े हुए) सभी कर्मचारियों, अधिकारियों व शोधार्थियों का अभिवादन किया तदुपरांत उन्होंने समवेत स्वर में श्री सत्य प्रकाश, निदेशक राजभाषा का संस्थान में पधारने पर आभार व्यक्त किया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रांरभ करने हेतु औपचरिक संस्तुति प्रदान की।

श्री सत्य प्रकाश जी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करते हुए सर्वप्रथम कार्यक्रम को पांच खंडों यथा- राजभाषा नियमावली, अनुवाद, व्याकरण, मौखिक व लेखन में विभक्त किया गया एवं तदनुसार इन विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई । श्री सत्य प्रकाश जी द्वारा श्यामपट्ट की सहायता से सभी (ऑनलाइन व ऑफलाइन जुड़े) सदस्यों को उपरोक्त विषयों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की गईं ।



श्री सत्य प्रकाश जी द्वारा राजभाषा नियमावली, 1976 व राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 03(03) पर चर्चा करते हुए कहा गया कि इस धारा का मूल ध्येय हिंदी भाषा को लोचशील (Flexible) एवं गत्यात्मक (Dynamic) बनाना है । अपने संबोधन मे उन्होंने अनुवाद व व्याकरण के संबंधी अशुद्धियों व त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए सभासदों का मार्गदर्शन किया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम खंड में समस्या/संशय-निवारण का एक संक्षिप्त सत्र था जिसमें श्री सत्य प्रकाश जी द्वारा सभासदों के प्रश्नों/शंकाओं का निदान किया गया ।

तत्पश्चात, निदेशक महोदय द्वारा धन्यवाद अभिभाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होनें विशेष रूप से श्री सत्य प्रकाश जी का आभार व्यक्त किया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी शोधार्थियों/कर्मचारियों व अधिकारियों का भी अभिनंदन किया। निदेशक महोदय द्वारा अंत में सहायक निदेशक, राजभाषा के समग्र निदेशन में कार्य कर रहे हिंदी प्रकोष्ठ की भूमिका को चिन्हित करते हुए सराहना संदेश दिया गया एवं उत्कृष्टता हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

सहायक निदेशक, राजभाषा
हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

-इति-

नोटः यह विवरण संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

छायाचित्रों के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम की अन्य झलकियां